KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

कक्षा - 12

भूगोल

मानव भूगोल के मूल सिद्धान्त

अध्याय–1

मानव भूगोल : प्रकृति एवं विषय क्षेत्र

भाग - 5

पंकज वैष्णव

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

मानव भूगोल: प्रकृति एवं विषय क्षेत्र

1. नीचे दिए गए चार विकल्पों में से सही उत्तर को चुनिए:

(i) निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा एक भूगोल का वर्णन नहीं करता?

A समाकलनात्मक अनुशासन ✓

B मानव और पर्यावरण के बीच अन्तर-सम्बन्धों का अध्ययन ✓

C द्वैधता पर आश्रित ✓

D प्रौद्योगिकी के विकास के फलस्वरूप आधुनिक समय में प्रासंगिक नहीं।

KOLORS
make life better

मानव भूगोल: प्रकृति एवं विषय क्षेत्र

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

(ii) निम्नलिखित में से कौन-सा एक भौगोलिक सूचना का स्त्रोत नहीं है?

A यात्रियों के विवरण ✓

B प्राचीन मानचित्र ✓

C चन्द्रमा से चट्टानी पदार्थों के नमूने

D प्राचीन महाकाव्य ✓

KOLORS
make life better

मानव भूगोल: प्रकृति एवं विषय क्षेत्र

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

(iii) निम्नलिखित में कौन-सा एक लोगों और पर्यावरण के बीच अन्योन्यक्रिया का सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण कारक है?

मानव

A मानव बुद्धिमत्ता

B प्रौद्योगिकी

प्रौद्योगिकी

C लोगों के अनुभव

D मानवीय भाईचारा

KOLORS
make life better

मानव भूगोल: प्रकृति एवं विषय क्षेत्र

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

(iv) निम्नलिखित में से कौन-सा एक मानव भूगोल का उपगमन नहीं है ?

A क्षेत्रीय विभिन्नता

B मात्रात्मक क्रान्ति

C स्थानिक संगठन

D अन्वेषण और वर्णन

खोज

KOLORS
make life better

मानव भूगोल: प्रकृति एवं विषय क्षेत्र

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 30 शब्दों में दीजिए


६/7

(i) मानव भूगोल को परिभाषित कीजिए।

उत्तर: रैट्जेल के अनुसार, "मानव भूगोल मानव समाजों और धरातल के बीच संबंधों का संश्लेषित अध्ययन है।" मानव भूगोल भौगोलिक वातावरण और मानवीय क्रियाओं के अंतसंबंधों तथा विभिन्नताओं का अध्ययन है।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



KOLORS
make life better

मानव भूगोल: प्रकृति एवं विषय क्षेत्र

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

एलन चर्चिल सेंपल के अनुसार, "मानव भूगोल अस्थिर पृथ्वी और क्रियाशील मानव के मध्य परिवर्तनशील सम्बन्धों का अध्ययन है।"



KOLORS
make life better

मानव भूगोल: प्रकृति एवं विषय क्षेत्र

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

(ii) मानव भूगोल के कुछ उपक्षेत्रों के नाम बताइए।

उत्तर: मानव भूगोल के महत्त्वपूर्ण उपक्षेत्र निम्नलिखित हैं:-

1. व्यवहारवादी भूगोल
2. सामाजिक कल्याण का भूगोल
3. सांस्कृतिक भूगोल
4. लिंग भूगोल
5. ऐतिहासिक भूगोल
6. चिकित्सा भूगोल

KOLORS
make life better

मानव भूगोल: प्रकृति एवं विषय क्षेत्र

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

7. सैन्य भूगोल
8. संसाधन भूगोल
9. कृषि भूगोल
10. औद्योगिक भूगोल
11. विपणन भूगोल
12. पर्यटन भूगोल
13. अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार का भूगोल
14. अवकाश का भूगोल
15. निर्वाचन भूगोल

KOLORS
make life better

मानव भूगोल: प्रकृति एवं विषय क्षेत्र

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

(iii) मानव भूगोल किस प्रकार अन्य सामाजिक विज्ञानों से सम्बन्धित है?

उत्तर: मानव भूगोल की प्रकृति अत्यधिक अंतर्विषयक (Interdisciplinary) है।

मानव भूगोल के अन्तर्गत प्राकृतिक वातावरण के संदर्भ में मानवीय क्रियाकलापों के अध्ययन को महत्व प्रदान किया जाता है।

KOLORS
make life better

मानव भूगोल: प्रकृति एवं विषय क्षेत्र

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

चूँकि मानव मानवीय समाज की एक महत्त्वपूर्ण इकाई है।

अतः मानव भूगोल का उन सभी सामाजिक विज्ञानों से स्वतः सम्बन्ध स्थापित हो जाता है जो अपने अध्ययनों में मानवीय क्रियाकलापों के अध्ययनों को प्रधानता प्रदान करते हैं।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

मानव भूगोल: प्रकृति एवं विषय क्षेत्र

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए।

(i) मानव के प्राकृतीकरण की व्याख्या कीजिए।

उत्तर: आरम्भिक अवस्था में आदिम मानव-समाज अपने प्राकृतिक वातावरण से अत्यधिक प्रभावित रहा था एवं मानव के सभी क्रियाकलापों पर प्राकृतिक वातावरण का पूर्ण नियंत्रण था।

इसका प्रमुख कारण यह था कि आदिम मानव समाज की प्रौद्योगिकी का स्तर अति-निम्न था।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

मानव भूगोल: प्रकृति एवं विषय क्षेत्र

मानव के सामाजिक विकास की अवस्था भी आदिम थी।

प्रौद्योगिकी विकास की उस अवस्था में मानव अपने प्राकृतिक वातावरण के साथ पूर्णतः दास रूप में कार्य करता था एवं प्राकृतिक शक्तियों को एक शक्तिशाली बल, पूज्यनीय एवं सत्कार योग्य मानता था।

आदिम मानव ने अपने आपको प्रकृति के आदेशों के अनुरूप ढाल लिया। इसी प्रक्रिया को **मानव का प्राकृतीकरण** कहा जाता है।

KOLORS
make life better

मानव भूगोल: प्रकृति एवं विषय क्षेत्र

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

भूगोलवेत्ताओं ने आदिम मानव समाज तथा प्रकृति की प्रबल शक्तियों के मध्य इस प्रकार के अन्तर्सम्बन्धों को पर्यावरण-निश्चयवाद का नाम दिया।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

मानव का प्राकृतीकरण

(वस्तु-विनिमय प्रणाली)

(स्थानान्तरी कृषि)



प्रकृति का मानवीकरण

नार्वे

KOLORS
make life better

मानव भूगोल: प्रकृति एवं विषय क्षेत्र

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

(ii) मानव भूगोल के विषय-क्षेत्र पर एक टिप्पणी लिखिए।

उत्तर: मानव-भूगोल की प्रकृति का उद्देश्य पृथ्वी पर विभिन्नताओं के बीच रहने वाले मानव जीवन को समझना है।

मानव भूगोल में प्राकृतिक वातावरण का मानवीय जीवन और उसकी क्रियाओं पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन किया जाता है।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

मानव भूगोल: प्रकृति एवं विषय क्षेत्र

पृथ्वी के विभिन्न क्षेत्रों में रहने वाले मानव समूहों के सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक विकास का अध्ययन किया जाता है। मानव द्वारा अपने प्राकृतिक-वातावरण के सहयोग से जीविकोपार्जन करने के क्रियाकलापों से लेकर उसकी उच्चतम आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए किये गये सभी प्रयासों का अध्ययन मानव भूगोल के विषय क्षेत्र में आता है। अतः पृथ्वी पर जो भी दृश्य मानवीय क्रियाकलापों द्वारा निर्मित हैं, उन सभी को मानव भूगोल के विषय क्षेत्र में सम्मिलित किया जाता है।

KOLORS
make life better

मानव भूगोल: प्रकृति एवं विषय क्षेत्र

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

पृथ्वी-तल पर मिलने वाली मानवीय दशाओं को समझने व उनकी व्याख्या करने के लिए मानव भूगोल से संबंधित सामाजिक विज्ञानों एवं सहयोगी विषयों का अध्ययन भी करना पड़ता है। मानव भूगोल के विषय क्षेत्र, उपक्षेत्र तथा सामाजिक विज्ञानों के सहयोगी विषयों से मानव भूगोल के सम्बन्धों को दी गयी तालिका में प्रस्तुत किया गया है।